हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
28 जुलाई 2024, समय 1810

- देश में खादी ग्रामोद्योग का कारोबार डेढ़ करोड़ रुपये के पर पहुंचा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए रोहतक जिले के "उन्नति" स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की सराहना की है।
- श्री मोदी ने 'परी' परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि कोई भी देश अपनी संस्कृति पर गर्व करके ही प्रगति कर सकता है।
- प्रधानमंत्री ने सभी को "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान में शामिल होने और 15 अगस्त को घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया।
- हरियाणा सरकार ने महिलाओं के विकास एवं सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हठकरघा उद्योग में भी महिलाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आकाशवाणी पर "मन की बात" कार्यक्रम की 112 कड़ी में देश के हथकरघा उद्योग की जमकर तारीफ़ की। हथकरघा उद्योग की चर्चा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि, भारत के हथकरघा उद्योग का परचम केवल देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लहरा रहा है। देश में खादी ग्राम उद्योग कारोबार डेढ़ करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है और यह वृद्धि 400 प्रतिशत तक है। प्रधानमंत्री ने अपने संम्बोधन में हथकरघा उद्योग को आगे बढ़ाने वाली महिलाओं का ज़िक्र करते हुए "उन्नति" स्वयं सहायता समूह में शामिल होने और कपड़ों पर रंगों का जादू बिखेरने के लिए हरियाणा के रोहतक ज़िले की 250 महिलाओं की सराहना की।

श्री मोदी ने कई स्टार्टअप्स का ज़िक्र करते हुए कहा कि यह हथकरघा उद्योग को आगे बढ़ाने में लगे हैं और निजी कम्पनियां भी कृत्रिम मेधा के माध्यम से हथकरघा उद्योगों को बढ़ावा दे रही हैं।उन्होंने लोगों से अपने स्थानीय उत्पादों को My Product My Pride हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर अपलोड करने का आग्रह किया। श्री मोदी ने कहा कि कई लोग जो पहले खादी के कपड़ों का इस्तेमाल नहीं करते थे, वे आज बड़े गर्व के साथ खादी पहन रहे हैं। अगले महीने की 7 तारीख़ को देश में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जायेगा। प्रधानमंत्री ने "मन की बात" में पेरिस ओलंपिक का ज़िक्र भी किया।

श्री मोदी ने कहा कि कोई भी देश अपनी संस्कृति पर गर्व करके ही प्रगति कर सकता है। भारत में इस संबन्ध में किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने परी परियोजना का विशेष तौर पर उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को लेकर कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में बड़ी संख्या में लोग इससे जुड़ रहे हैं। उन्होंने सभी से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

श्री मोदी ने मादक पदार्थों की चुनौती का ज़िक्र भी किया और कहा कि हर परिवार चिंतित है कि उनका बच्चा मादक पदार्थों की लत का शिकार हो सकता है। मादक पदार्थों के विरोध लड़ाई में की गई विशेष पहल "मानस" का ज़िक्र करते हुए बताया।

श्री मोदी ने असम के चिराई देव मैदान को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों में शामिल किए जाने को गर्व की बात बताया। यह मैदान अहोम साम्राज्य के दिवंगत राजाओं और गणमान्य व्यक्तियों के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। श्री मोदी ने लोगों से तिरंगा यात्राएं निकलने और 15 अगस्त पर घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान भी किया। प्रधानमंत्री ने बाघ संरक्षण में जन भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। कल दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस मनाए जाने का ज़िक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि बाघ, भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाघ संरक्षण में जन भागीदारी के कारण भारत में बाघों की आबादी हर साल बढ़ रही है।

हरियाणा सरकार ने महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन कदमों ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हथकरघा उद्योग, सिलाई, कढ़ाई और अन्य हस्तशिल्प कार्यों में भी महिलाओं का योगदान उल्लेखनीय है। इस बात की तस्दीक खुद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में की है। उन्होंने हरियाणा के रोहतक जिले के हथकरघा उद्योग का उल्लेख किया और 'उन्नति स्वयं सहायता समूह ' की महिलाओं की प्रशंसा की। हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमरिंदर कौर ने आकाशवाणी से बातचीत में इस पर खुशी का इजहार किया।

उन्होंने कहा कि उन्नति स्वयं सहायता समूह का यह प्रयास न केवल हथकरघा उद्योग को बढ़ावा दे रहा है बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था में भी सकारात्मक योगदान दे रहा है।

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा में करीब 50 लाख रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने बल्लभगढ़ के मलेरना रोड से लगती हुई 3 गलियों और बालाजी मंदिर रोड के पास बनने वाली गलियों को कंक्रीट से बनाने के निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। इसके बाद, मूलचंद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम देश को एक सूत्र में बांधने का काम करता है। राजनीति से ऊपर उठकर अगर कोई कार्यक्रम होता है, तो उससे जनमानस का जुड़ाव होता है। प्रधानमंत्री ने कई राज्यों के लोगों से बात कर उनकी प्रेरक कहानियों को भी लोगों के सामने रखा है।